भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं .1402**

जिसका उत्तर 13.02.2025 को दिया जाना है

**केरल में सागरमाला राजमार्ग परियोजना**

1402. श्री कोडिकुन्नील सुरेश:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केरल में सागरमाला राजमार्ग परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है और इसकी योजना, अनुमोदन और कार्यान्वयन की प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) केरल में सागरमाला राजमार्ग परियोजना के प्रस्तावित अथवा निर्माणाधीन विशिष्ट खंड कौन-कौन से हैं और उनके पूरा होने की संभावित समय-सीमा क्या है;

(ग) क्या भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय स्वीकृति अथवा अन्य कारणों के फलस्वरूप परियोजना में कोई विलंब हुआ है और यदि हां, तो इनके समाधान हेतु क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) केरल में सागरमाला राजमार्ग परियोजना के कार्यान्वयन के लिए कुल कितना बजट आवंटित किया गया है और अब तक कितनी धनराशि का उपयोग किया गया है;

(ङ) व्यापार, पर्यटन और तटीय विकास पर विशेष ध्यान देते हुए, सागरमाला राजमार्ग परियोजना से केरल की अर्थव्यवस्था को किस प्रकार लाभ पहुंचने की संभावना है;

(च) पर्यावरणीय प्रभाव को न्यूनतम करने और विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(छ) केरल में सागरमाला राजमार्ग परियोजना के सफल कार्यान्वयन हेतु केंद्र और राज्य सरकार के बीच सहयोग का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) "सागरमाला राजमार्ग" नाम से कोई योजना/कार्यक्रम नहीं है। तथापि, सागरमाला कार्यक्रम भारत के 7,500 किलोमीटर लंबे समुद्र तट, 14,500 किलोमीटर संभावित नौगम्य जलमार्गों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार मार्गों पर महत्वपूर्ण अवस्थिति का उपयोग करके देश में पत्तन आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार के पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय का प्रमुख कार्यक्रम है। सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय वर्तमान में अनुबंध-I के अनुसार केरल राज्य में 3 बंदरगाह संपर्कता परियोजनाओं पर कार्य कर रही है जो विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) चरण में हैं। डीपीआर के परिणाम के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

(घ) से (छ) प्रश्न नहीं उठता।

**अनुबंध**

**"केरल में सागरमाला राजमार्ग परियोजना" के संबंध में श्री कोडिकुन्निल सुरेश द्वारा दिनांक 13.02.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1402 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

केरल में 03 पत्तन संपर्कता परियोजनाओं का विवरण।

| | पत्तन | पत्तन का प्रकार | परियोजना का नाम | स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोचीन | प्रमुख | एनएच 966 बी को चार लेन का बनाना जो डब्ल्यू/आइलैंड को कुंदनूर से जोड़ता है। | डीपीआर प्रगति पर है |
| 2 | अझिक्कल | गैर-प्रमुख | अझिक्कल पत्तन -प्रस्तावित एनएच - बाईपास और 2 किमी का चौड़ीकरण। | डीपीआर प्रगति पर है |
| 3 | अलपुझा | गैर-प्रमुख | अलपुझा समुद्र तट से विकसित किए जा रहे 6 लेन के एलिवेटेड राजमार्ग के लिए रैंप प्रदान करना (पहले - एसएच-अलपुझा बाईपास चौराहे से सड़क) | डीपीआर प्रगति पर है |

****